युवराज

# न्यूज़ टुडे

NEWS TODAY Update

www.newstodayupdate.in

RNI:- BIHHIN05409

आपकी आवाज़

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

वर्ष : 06 अंक : 09+11 तिथि : 11 जून 2020 मूल्य : नि:शुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in

रजि० कार्यालय : अष्ठाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272

# न्यूज़ टुडे लॉक डाऊन स्पेशल रोजाना अंक

## जन्मदिन पर पिता से मिल भावुक हुए तेजस्वी, गले मिलकर बिहार वासियों के नाम लिखी इमोशनल चिट्ठी






सियासी गहमा-गहमी

डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,

राजद सुप्रीमो और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के जन्मदिन पर उनको बधाई देने का सिलसिला लगातार जारी है. इस कड़ी में बिहार से लेकर झारखंड तक कार्यकर्ता अपने अंदाज में लालू को बर्थडे विश कर रहे हैं. लालू से मिलने रांची पहुंचे उनके छोटे बेटे और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भी इस मौके पर बिहार के लोगों के लिए एक इमोशनल चिट्ठी लिखी है. इस चिट्ठी में तेजस्वी ने अपने पापा को बधाई दी है, तो साथ ही बिहार के लोगों से एक अपील भी की है.

इस पोस्ट के साथ ही तेजस्वी ने अपने पिता के साथ एक फोटो भी पोस्ट की है. तेजस्वी से पहले तेजप्रताप यादव और राबड़ी देवी ने भी ट्वीट करके लालू प्रसाद को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं.

तेजस्वी की लिखी बिहारवासियों के नाम चिट्ठी :

प्रिय बिहारवासियों,

आज पिता जी से उनके अवतरण दिवस पर मिलने रांची आया हूं. उनके जन्मदिवस पर अलग–अलग तरह के भाव मन में आ रहे हैं. मन थोड़ा व्यथित है कि वो हमसे दूर अकेले संघर्ष कर रहें है और थोड़ा सशक्त भी क्योंकि उनका जन्मदिन मुझे और अधिक प्रेरणा देता है. उनकी तरह ही मुखरता से गरीब–गुरबों, शोषित, पीड़ित, उपेक्षित और वंचितों की लड़ाई बिना सिद्धांतों से समझौता किए लड़ूं.

अपने पिता के जीवन की यात्रा पर जब भी नजर डालता हूं तो ऐसा लगता है कि क्या अद्भुत और बिरला जज्बा लिए हैं. आदरणीय लालू जी, ऊंच–नीच के विरुद्ध लड़ाई लड़े, बिहार की तमाम सामाजिक विसंगतियों को खत्म किया. गरीब के हक का झंडा बुलंद किया और चाहे कितनी भी विषम परिस्थिति आई, कभी घुटने नहीं टेके, कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया. विषम हालात अच्छे–अच्छों को तोड़ देते हैं. षडयंत्र व समर्पण करने को मजबूर कर देता है. वर्षों का दुष्प्रचार इंसान का आत्मविश्वास छीन लेता है, लेकिन ये भी अनुकरणीय है कि विषम हालात, अनगिनत षडयंत्र और लगातार दुष्प्रचार भी लालू जी के हौसले को तोड़ नहीं पाए, उनके सिद्धांतों को झुका नहीं पाए, जनसेवा के लिए समर्पित उनके कदमों को रोक नहीं पाए अपितु उनके हौसलों को मजबूत ही किया.

वो लड़ रहे हैं आज भी, बिना थके, बिना झुके...और मुझे गर्व है कि बिहार के लोगों के हक के लिए उनकी इस लड़ाई में मैं भी भागी बना हूं, इसलिए आज उनके जन्मदिन पर मैं यह प्रण लेता हूं कि बिहार के युवाओं और गरीबों को हर हालत में न्याय दिला कर रहूंगा. बस...बहुत हो चुका जातिवाद, सम्प्रदायवाद. बहुत हो चुकी बीमारी के दौरान फैली अव्यवस्था से मौतें, बहुत देख ली गरीब ने रोटी की भूख, बहुत रह लिया हमारा युवा बेरोजगार, बहुत सह लिया हमारे भाइयों और उनके परिवारों ने पलायन का दर्द, कुशासन ने छीन ली बहुत जानें. सड़कों पर बहुत बेहाल हो चुका बिहारी...सरकार ने 15 साल राज करते–करते बहुत ठीकरा फोड़ लिया दूसरों पर...अब और नहीं होने दूंगा. भुखमरी से, अपराध से, अव्यवस्था से, अन्याय से अब जान नहीं खोने दूंगा.

आज पिता जी के 73वें जन्मदिन पर हम कम से कम 73000 गरीबों को खाना खिलाएंगे, उनके माथे से चिंता हटाएंगे और फिर पिता की प्रेरणा से ही बिहार को इस कठिन समय से निजात दिलाएंगे.लालू जी की प्रेरणा से जो कदम बिहार की सेवा के लिए चल पड़े हैं वो कदम रुकेंगे नहीं, कभी थकेंगे नहीं!

आपका बेटा, आपका भाई
तेजस्वी यादव

## जाने-माने बॉलीवुड अभिनेता और 'कालीन भैया' फेम पंकज त्रिपाठी अब खादी का प्रचार-प्रसार करेंगे, बने बिहार में खादी का ब्रांड एंबेसडर



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,

उपलब्धि




जाने–माने बॉलीवुड अभिनेता और 'कालीन भैया' फेम पंकज त्रिपाठी अब खादी का प्रचार–प्रसार करेंगे. दरअसल, अभिनेता पंकज त्रिपाठी को बिहार सरकार ने खादी का ब्रांड एंबेसडर बनाया है. पंकज मूल रूप से बिहार के ही गोपालगंज के रहने वाले हैं और अपनी बेहतरीन अदायगी के लिए जाने जाते हैं. बिहार सरकार के ब्रांड एंबेसडर बनने संबंधी प्रस्ताव को इस फिल्म एक्टर ने स्वीकार कर लिया है. साथ ही सरकार के प्रति अपना आभार भी जताया है.

पंकज बोले– मेरे लिए खुशी की बात

पंकज त्रिपाठी ने बताया कि मेरे लिए इससे ज्यादा खुशी और गर्व की बात क्या होगी कि बिहार का उद्योग विभाग मुझे बिहार में बने खादी का ब्राण्ड एम्बेसडर बनाना चाहता है. मैं शुरू से ही खादी का शौकीन रहा हूं. अब उसी खादी की पहचान मेरे मार्फत देश और दुनिया में हो तो इससे ज्यादा खुशी की बात और क्या होगी. उद्योग मंत्री श्याम रजक ने पंकज त्रिपाठी के ब्राण्ड एम्बेसडर बनने पर खुशी जताई है और उम्मीद कर रहे हैं कि पंकज त्रिपाठी की लोकप्रियता का फायदा बिहार के खादी को मिलेगा.

मंत्री ने भी जताई खुशी

पंकज त्रिपाठी को ब्रांड एंबेसडर बनाए जाने के मामले में बिहार के उद्योग मंत्री श्याम रजक ने कहा कि राज्य में खादी नए दौर से गुजर रहा है. इसको लेकर जहां विभिन्न शहरों में मॉल खोलने की तैयारी की जा रही है, तो वहीं प्रचार प्रसार का भी काम तेजी से चल रहा है. श्याम रजक ने बताया कि पंकज त्रिपाठी के ब्रांड एंबेसडर बनने से इसके प्रचार–प्रसार में और तेजी आएगी. मालूम हो कि बिहार सरकार ने खादी को प्रमोट करते हुए देश का सबसे बड़ा और पहला खादी मॉल पटना में ही स्थापित किया है, जिसमें राज्य के विभिन्न खाद्य संस्थाओं द्वारा तैयार सामान की बिक्री की जाती है.

पटना के युवाओं को भा रहा है खादी

बिहार में खादी को लेकर नए प्रयोग के बाद इसका सकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिल रहा है. यही कारण है कि पटना के खादी मॉल में ग्राहकों की भीड़ लगी रहती है तो युवा भी खादी से बने कपड़ों को ही प्राथमिकता दे रहे हैं. ऐसे में अभिनेता पंकज त्रिपाठी को बिहार खादी और देश के सबसे बड़े खादी मॉल का ब्रांड एंबेसडर बनाया जाना निश्चित रूप से बिहार सरकार के लिए सुखद साबित हो सकता है क्योंकि पंकज त्रिपाठी की पहचान बॉलीवुड के देसी कलाकारों में होती है जिनका जुड़ाव रंगमंच और नाट्य कला से भी है.

## बिहार गरमाया में सियासी माहौल, नीतीश ने तेजस्वी के बारे में कहा कि आपदा के समय बिना पार्टी को बताए खुद गायब हो जाता है और मुझे कहता है कि बाहर नहीं निकलते



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,

सियासी गहमा-गहमी




विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट शुरू होने के साथ ही बिहार में सियासी माहौल गरमाने लगा है। यूं तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विपक्ष के हर सवाल और आरोप पर पब्लिक में ज्यादा नहीं बोलते। लेकिन आज बुधवार को उन्होंने लालू के लाल और राजद नेता तेजस्वी यादव को जबर्दस्त आईना दिखाया। सीएम नीतीश ने तेजस्वी के बारे में ट्वीट कर कहा कि 'आपदा के समय खुद तो गायब हो जाता है। यहां तक कि उसकी पार्टी को भी नहीं पता होता कि कहां है। और मुझे कहता है कि बाहर नहीं निकलते'।

विदित हो कि राजद नेता तेजस्वी यादव ने सीएम नीतीश पर लॉकडाउन के दौरान राज्य के लोगों की मदद न करने का आरोप लगाया था। इसपर सीएम नीतीश कुमार ने पलटवार करते हुए अपने ट्वीट में कहा कि 'हमको कहता है बाहर नहीं निकलते हैं। लॉकडाउन लागू है, पूरे देश में कहा जा रहा है कि नहीं निकले। प्रतिदिन एक–एक चीज की समीक्षा, सारा काम कर रहे हैं। खुद कहां रहता है भाग करके इसका कोई ठिकाना नहीं है। राजद के लोगों को भी नहीं पता है'!

तेजस्वी ने आरोप लगाया था कि सरकारी मशीनरी और संसाधनों का दुरूपयोग कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रतिदिन घंटो अपने नेताओं से वीडियो कॉफ्रेंस करते हैं। लेकिन आम जनता को उन्होंने इस संकट में पूछा तक नहीं। अब इसी पर नीतीश कुमार ने आज ट्वीट के जरिये तेजस्वी को विधानसभा सत्र और चमकी की आपदा के साथ ही कोरोना काल में दिल्ली, थाईलैंड और अन्य जगहों पर गायब रहने की उनकी करतूत की याद दिला दी।




युवराज मीडिया एंड एंटरटेण्मेंट की घोषित चम्पारण की पावन धरती पर बन रही भव्य वेब सीरिज एवं फीचर फिल्म की शुटिंग शीघ्र शुरू होगी ।

निर्माता:9471005272







Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

## स्कूलों को खोलने के लिए बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सरकार को एडवाइजरी जारी की, कई ऐतिहासिक कदमों के साथ कोरोना संक्रमण से बचाव



सम्राट, संवाददाता




कोरोना संक्रमण से बचने के लिए पिछले तीन महीनों से देश के सभी स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय बंद है। हालांकि बच्चों को अपने संपर्क में रखने के लिए और उनके शैक्षणिक सत्र में अत्यधिक नुकसान को बचाने के लिए नई शिक्षा प्रणाली के प्रारूप में जन्म लिया है। इस शिक्षण प्रणाली को ऑनलाइन शिक्षण प्रणाली के रूप में जाना जा रहा है।

इस बीच राहत की ख़बर यह है कि बिहार के अंदर अगर कोरोना काल में स्कूल खुले तो उसके लिए एक खास गाइडलाइन बनाई जाएगी। बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने इस संबंध में सरकार को एडवाइजरी जारी की है। यह एडवाइजरी आयोग की अध्यक्ष प्रो प्रमिला कुमारी ने जारी किया है। जिसमें कई ऐतिहासिक कदमों के साथ कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए इस गाइडलाइन की चर्चा है।

आयोग की तरफ से जारी की गई एडवाइजरी में शिक्षा विभाग को स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि अगर सरकार स्कूलों को खोलने का फैसला लेती है तो बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एडवाइजरी का पालन किया जाए । इसके अलावा स्कूलों के साथ–साथ बच्चों और अभिभावकों को भी एडवाइजरी का ख्याल रखने को कहा गया है।

यह है नई एडवाइजरी

★स्कूलों को सैनिटाइज किया जाए,
★पीने के पानी और हाथ धोने के पानी की समुचित व्यवस्था हो,
★प्रत्येक कालखंड के बाद हाथ धोने की व्यवस्था हो,
★बच्चों के बैठने के बीच 6 फीट की दूरी रखी जाए, विद्यार्थियों को कोरोना
★संक्रमण से संबंधित जागरूक करें,
★स्कूलों का शौचालय साफ सुथरा हो जिसकी सफाई दिन में दो–तीन बार की जाए,
★यूनिफॉर्म जूते मोजे अनिवार्य नहीं होने चाहिए जिससे विद्यार्थी धुले हुए कपड़े और सामान जूते चप्पल पहन कर आ सकें,
★महत्वपूर्ण विषयों की पढ़ाई स्कूल में हो,
★बच्चों की संख्या के आधार पर दो पाली में स्कूल लगा सकते हैं,
★स्कूल के मुख्य गेट पर बच्चों की स्क्रीनिंग की जाए और हाथ सैनिटाइज किया जाए
★स्कूल में बच्चे लंच अपने बैठने के स्थान पर ही करें।

## भारत सरकार से 100 वेंटिलेटर पहुंचा बिहार : मंगल पांडेय



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,




स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग कोरोना मरीजों को हर स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए कटिबद्ध है. सूबे के तीन कोविड डेडिकेटेड अस्पताल के अलावे पीकू अस्पताल, मुजफ्फरपुर सहित पावापुरी मेडिकल कॉलेज के लिए भारत सरकार से एक सौ वेंटिलेटर बिहार पहुंच चुका है.

उन्होंने कहा कि 30 और वेंटिलेटर राज्य सरकार के स्त्रोत से आये हैं, जिसमें से 15 वेंटिलेटरों को कोविड डेडिकेटेड अस्पताल एनएमसीएच, पटना में अधिष्ठापित किया जा चुका है. इसके अलावे भारत सरकार से प्राप्त 20 वेंटिलेटर और राज्य सरकार द्वारा 15 और वेंटिलेटर एनएमसीएच में अधिष्ठापित किया जाना है.

मंत्री श्री पांडेय ने कहा कि वेंटिलेटरों के आ जाने से कोविड डेडिकेटेड अस्पतालों के मरीजों की स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता में बढ़ोतरी हो जाएगी. कुल मिलाकर कोविड अस्पताल एनएमसीएच, पटना में 50, एएनएमसीएच, गया में 10 वेंटिलेटर और जेएलएनसीएच, भागलपुर में 10 वेंटिलेटर लगाए जाने हैं.

वहीं एसकेएमसीएच के पीकू अस्पताल में 50 वेंटिलेटर और वीआईएमएस, पावापुरी, नालंदा में 10 वेंटिलेटर लगाए जाएंगे. इसके अतिरिक्त भी विभाग द्वारा और वेंटिलेटर मंगाने की कार्रवाई की जा रही है. विभाग कोरोना की संख्या में हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए कोविड अस्पताल समेत अन्य अस्पतालों में आवश्यक संसाधनों को अधिष्ठापित कर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है.

बस एक क्लिक कीजिए
देश दुनिया की खबर के साथ अपनी खबर भी देखिए
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal
A unit of Yuvaraj Media Entertainment
Contact for News & Advt.: 9471005272, 8210595830

## मो. कलाम भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत, बधाईयों का तांता लगा



रिंकू गिरी,
संवाददाता




मोतिहारी नगर परिषद क्षेत्राधीन खोदानगर निवासी मो. कलाम को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर मोतिहारी सांसद, स्टैंडिंग कमिटी के चेयरमैन सह पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधा मोहन सिंह, कला,संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री प्रमोद कुमार, जिलाध्यक्ष भाजपा प्रकाश आस्थाना, विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह, पिपरा विधायक श्यामबाबू यादव,विधान पार्षद बब्लू गुप्ता, राष्ट्रीय परिषद सदस्य राजेन्द्र गुप्ता, प्रदेश प्रवक्ता भाजपा अखिलेश सिंह, जिला महामंत्री त्रय डॉ. लालबाबू प्रसाद, विवेकानंद पाण्डेय एवं मार्तण्ड नारायण सिंह,जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा मोहिब्बुल हक, जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद, जिला संयोजक आईटी सेल पंकज सिन्हा, जिला संयोजक क्रीड़ा मंच रमेश कुमार उर्फ भोला गुप्ता, कोषाध्यक्ष भाजपा कुमार विजय टिंकू जी,नगर अध्यक्ष उत्तरी मंडल योगेन्द्र प्रसाद,नगर अध्यक्ष दक्षिणी मंडल रविभूषण श्रीवास्तव, जिला मंत्री विनोद कुशवाहा ने श्री कलाम के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर बधाई दी है। बताया कि श्री कलाम दशकों से भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता है। गौरतलब है कि श्री कलाम अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष और जिला प्रभारी रह चुके हैं।

## मोतिहारी में व्यवसायियों की हत्या के बाद राष्ट्रीय वैश्य महासभा के प्रदेश नेता मृतक के परिजनों से मिलने उनके गांव पहुचेंगे



संतोष राऊत
न्यूज टुडे,




मोतिहारी में दवा व्यवसायी नवलकिशोर प्रसाद एंव दलपत विशुनपुर पंचायत सुबोध कुमार के हुए हत्या के बाद राष्ट्रीय वैश्य महासभा के प्रदेश नेता मृतक के परिजनों से मिलने उनके गांव पहुचेंगे।

राष्ट्रीय वैश्य महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष पी०के० चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष सह उद्योगपति डॉ०प्रकाश चंद्रा, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शिवशंकर विक्रांत, प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता संजय जायसवाल आदि प्रदेश एंव जिला प्रखंड एंव नगर के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी प्रदेश महासचिव राजेश जायसवाल एंव जिलाध्यक्ष मुनचुन साह ने संयुक्तरूप से दी है।

## आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए राजद किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ने जारी किए जिला किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष और प्रधान महासचिव का नाम

आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह द्वारा अनुमोदित सूची के अनुसार राजद किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुबोध कुमार यादव द्वारा राजद जिला किसान प्रकोष्ठ का क्रमशः अध्यक्ष और प्रधान महासचिव मनोनीत किया गया हैं।
पश्चिमी चंपारण जिला के मो. इरफान को जिलाध्यक्ष एवं रामाकांत यादव को प्रधान महासचिव, बगहा के मुकेश कुशवाहा एवं जितेन्द्र कुमार उर्फ बब्लू पूर्वी चंपारण के रमेश कुमार सिंह एवं हरेन्द्र प्रसाद यादव, गोपालगंज के अरूण सिंह एवं मो. चांद, सारण के रामाशीष यादव एवं निरंजन सिंह, वैशाली के उमेश मेहता एवं सकिन्दर निषाद को बनाया है। वहीं मुजफ्फरपुर के विश्वनाथ प्रसाद एवं मंगल राय, सीतामढ़ी के राज किशोर सिंह कुशवाहा एवं अरूण कुमार यादव, शिवहर के सुरेन्द्र यादव एवं रंजीत सहनी,

मधुबनी के देवनारायण यादव एवं अरूण सिंह कुशवाहा, दरभंगा के अखिलेश प्रसाद सिंह एवं दिनेश राय, समस्तीपुर के राजेश्वर महतो एवं दीपक कुमार जो जिम्मेदारी दिया गया है। बेगुसराय के निषान्त सिंह उर्फ मुकेश एवं जयकिशोर यादव, सुपौल के शि. वनारायण यादव एवं योगेन्द्र पाण्डेय, मधेपुरा के प्रकाश कुमार पिन्टू एवं संजय कुमार भारती, सहरसा के सत्यनारायण यादव एवं मो. कासीम, अररिया के मनोज कुमार सिंह आनन्द एवं दिनेश यादव, किशनगंज के चौधरी मनोज कुमार यादव एवं महमुद आलम, पूर्णियां के अखिलेश मेहता एवं मो. शमीम, कटिहार के गोपाल यादव एवं समर महतो को जिम्मेदारी दिया गया है। भागलपुर के दिवाकर मंडल एवं योगेन्द्र प्रसाद यादव, बांका के महेश्वरी मलय यादव एवं अशोक सिंह मुखिया, मुंगेर के संतोष यादव एवं रामानुज पासवान, खगड़िया के सुजय कुमार यादव एवं रंजीत कुमार रौशन, लखीसराय के अवध किशोर सिन्हा एवं संजय कुमार, शेखपुरा के चन्द्रमौली कुमार यादव एवं मुन्ना कुमार, जमुई के भरथ यादव एवं बिरेन्द्र मंडल, नालंदा के मनोज यादव एवं महानन्द मिस्त्री, बाढ़ के कुमार सुनील कुंवर एवं सत्येन्द्र कुमार, पटना के कमल सिंह एवं अजय ठाकुर, भोजपुर के प्रमोद कुमार सिंह एवं चतुरानन्द मिश्र, बक्सर के अजीत सिंह मुखिया एवं राजू वर्मा, रोहतास के विजय सिंह एवं जगदीश सिंह, कैमुर के सुनील कुमार सिंह एवं अक्षय कुमार कुशवाहा को बनाया गया है।
औरंगाबाद के नंदलाल यादव एवं राजदेव पाल, जहानाबाद के छत्रधारी प्रसाद एवं विरेन्द्र राउत, अरवल के लालबहादुर शास्त्री एवं मनोज कुमार यादव, गया के शत्रुधन सिंह एवं मुनन खान, नवादा के डॉ. आजाद कुमार एवं उमेश प्रसाद यादव, नवगछिया के अरूण कुमार यादव को राजद किसान प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष एवं बचनेश्वर मंडल को प्रधान महासचिव मनोनीत किया गया है।










## जिलाधिकारी ने जिले में मनरेगा से संचालित योजना कार्य एवं पोखर जीर्णोद्धार का भ्रमण किया और श्रमिको से बातचीत करते हुए नियमानुकूल हरसंभव मदद का आश्वासन दिया






आशीष राज,




मोतिहारी जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने आज जिले में मनरेगा से संचालित योजना कार्य एवं पोखर जीर्णोद्धार का भ्रमण करते हुए अवलोकन किया। इस क्रम में पोखरा जीर्णोद्धार कार्य में संलग्न श्रमिको से बातचीत की एवम् उन्हें नियमानुकूल हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

भ्रमण क्रम में जिलाधिकारी ने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत निर्माणधीन सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया एवम् निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत वर्तमान में सौ सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिसके शीघ्र पूर्ण हो जाने कि संभावना है।

भ्रमण के दौरान कुछ व्यक्तियों ने सात निश्चय के तहत नल जल योजना के अभी तक पूर्ण नहीं होने के संबंध में शिकायत की। डीएम ने तकनीकी सहायक व पंचायत सचिव को आगामी दस से पंद्रह दिनों में संबंधित योजना को पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने चिरैया, सुगौली में मनरेगा के सौजन्य से क्रियान्वित सार्वजनिक पोखरा जीर्णोद्धार कार्य का भी अवलोकन किया। साथ ही इक्को पार्क के निर्माण पर जोर दिया।

निरीक्षण क्रम में सहायक समाहर्ता समीर सौरभ, निदेशक डीआरडीए राकेश रंजन, वरीय उप समाहर्ता मेघा कश्यप, पुष्पा कुमारी, जिला समन्वयक गौतम कुमार आदि उपस्थित थे।

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830